**राजभाषा समीक्षा बैठक हुई,** सरकारी विभागों में हिंदी में कार्य करने को लेकर विचार विमर्श

# दक्षिण भारतीय परिवेश में पले-बढ़े होने के बावजूद नेपानगर आकर हिंदी सीखी - मुख्य महाप्रबंधक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** दक्षिण भारतीय परिवेश में पले बढ़े होने के बावजूद मैंने नेपानगर आकर हिंदी सीखी, जो इसकी सरलता और व्यापकता का प्रमाण है। यह बात नेपा मिल के मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेशन ने कही जो नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृ भाषा है और हमें इसमें ही कार्य करना चाहिए।



कार्यक्रम में संबोधित करते सीएमडी।

## छमाही बैठक हुई

गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के निर्देश पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक नेपा सभागार में आयोजित की गई। शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमडी नरेश सिंह, समिति अध्यक्ष व मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक जीनेंद्र अहिरवार, नंदकिशोर सुने द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। समिति सचिव व वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने नगर स्थित केंद्रीय कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के उपयोग की पिछली छमाही की समीक्षा प्रस्तुत की। आभार औद्योगिक संरक्षा विभाग के वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल ने माना।

## हर छह महीने में बैठक

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार हर छह माह में समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें नेपा लिमिटेड के साथ नेपानगर स्थित विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों जैसे भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय विद्यालय, नेपानगर रेलवे स्टेशन, मुख्य डाकघर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित तथा दूरभाष केंद्र के प्रतिनिधि सहभागी होते हैं।

## हिंदी में कार्य संस्कृति के लिए महत्वपूर्ण

मुख्य अतिथि सीएमडी नरेश सिंह ने कहा कि हिंदी जनसंचार की सशक्त भाषा है। उन्होंने हिंदी बहुल क्षेत्र में भी समिति की सक्रियता को आवश्यक बताते हुए नियमित समीक्षा को कार्य संस्कृति के लिए महत्वपूर्ण बताया। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक जीनेंद्र अहिरवार ने बैंकिंग क्षेत्र में हिंदी के बढ़ते उपयोग को रेखांकित किया। वहीं तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी ने आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में हिंदी की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा ने कार्य में हिंदी के अधिक उपयोग पर बल दिया।

# राजभाषा पर मंथन : कामकाज में हिंदी के प्रभावी उपयोग पर जोर

**नेपानगर।** गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के निर्देश पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही समीक्षा बैठक नेपा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय कार्यालयों में हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और इसके उपयोग को और बढ़ाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नरेश सिंह, समिति अध्यक्ष राम अलागेसन, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के शाखा प्रबंधक जिनेंद्र अहिरवार तथा वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर सुने द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

समिति के सचिव ज्ञानेश्वर खैरनार ने पिछली छमाही में विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों में हिंदी के उपयोग की समीक्षा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि नरेश सिंह ने हिंदी को सरल, सहज और जनसंचार की प्रभावी भाषा बताते हुए नियमित समीक्षा को कार्यसंस्कृति के लिए आवश्यक बताया। अध्यक्ष राम अलागेसन ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि हिंदी की व्यापकता इसे देशभर में स्वीकार्य बनाती है।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 01-04-2026

## आधुनिक तकनीक और एआई के दौर में बढ़ रही हिंदी की भूमिका

# बैठक में हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

भास्कर संवाददाता | नेपानगर



गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के निर्देश पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक नेपा सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमडी नरेश सिंह, समिति के अध्यक्ष व मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक जिनेंद्र अहिरवार, वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर सुने द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ।

समिति के सचिव व वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने नगर स्थित केंद्रीय कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के उपयोग की पिछली छमाही की समीक्षा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि सीएमडी नरेश सिंह ने हिंदी की सरलता, सहजता और व्यावहारिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी जनसंचार की सशक्त भाषा है। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक जिनेंद्र अहिरवार ने बैंकिंग क्षेत्र में हिंदी के बढ़ते उपयोग को रेखांकित किया।उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा ने कार्य में हिंदी के अधिक उपयोग पर बल दिया। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार हर छह माह में समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें नेपा लिमिटेड के साथ नेपानगर स्थित विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों जैसे भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय विद्यालय, नेपानगर रेलवे स्टेशन, मुख्य डाकघर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित तथा दूरभाष केंद्र के प्रतिनिधि सहभागी होते हैं। इस दौरान प्रबंधक पेपर मशीन केके देशमुख, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे, किशन पटेल सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

सच कहने का साहस और सलीका

राज एक्सप्रेस

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक आयोजित, हिन्दी जनसंचार की सशक्त भाषाः सिंह

● नेपानगर / राज न्यूज नेटवर्क

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक नेपा सभागार में आयोजित की गई। समिति के सचिव एवं वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने नगर स्थित केंद्रीय कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के उपयोग की पिछली छमाही की समीक्षा प्रस्तुत की। सीएमडी नरेश सिंह ने हिंदी की सरलता, सहजता और व्यावहारिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी जनसंचार की सशक्त भाषा है। उन्होंने हिंदी बहुल क्षेत्र में भी समिति की सक्रियता को आवश्यक बताते हुए नियमित समीक्षा को कार्य संस्कृति के लिए महत्वपूर्ण बताया। समिति के अध्यक्ष राम अलागेसन ने कहा कि दक्षिण भारतीय परिवेश में पले-बढ़े होने के बावजूद उन्होंने नेपानगर आकर हिंदी सीखी, जो इसकी सरलता और व्यापकता का प्रमाण है। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक जिनेंद्र अहिरवार ने बैंकिंग क्षेत्र में हिंदी के बढ़ते उपयोग को रेखांकित किया। वहीं तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी ने आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में हिंदी की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा ने कार्य में हिंदी के अधिक उपयोग पर बल दिया। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार हर छह माह में समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें नेपा लिमिटेड के साथ नेपानगर स्थित विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों जैसे भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफइंडिया, केंद्रीय विद्यालय, नेपानगर रेलवे स्टेशन, मुख्य डाकघर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित तथा दूरभाष केंद्र के प्रतिनिधि सहभागी होते हैं। बैठक में प्रबंधक पेपर मशीन केके देशमुख, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, सीएन वर्मा, सुनील कुमार कुलथे, विजेंद्र चौधरी, दिनेशचंद्र सोवल, पिंटू कुमार, रामबिलास रघुवंशी सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



# नेपानगर में राजभाषा समीक्षा बैठक हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर





**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर/नेपानगर।** गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक नेपा सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमडी नरेश सिंह,समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन,भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक जिनेंद्र अहिरवार तथा वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर सुने द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। समिति के सचिव एवं वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने नगर स्थित केंद्रीय कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के उपयोग की पिछली छमाही की समीक्षा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि सीएमडी नरेश सिंह ने हिंदी की सरलता,सहजता और व्यावहारिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी जनसंचार की सशक्त भाषा है। उन्होंने हिंदी बहुल क्षेत्र में भी समिति की सक्रियता को आवश्यक बताते हुए नियमित समीक्षा को कार्यसंस्कृति के लिए महत्वपूर्ण बताया। समिति के अध्यक्ष राम अलागेसन ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि दक्षिण भारतीय परिवेश में पले-बढ़े होने के बावजूद उन्होंने नेपानगर आकर हिंदी सीखी,जो इसकी सरलता और व्यापकता का प्रमाण है। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक जिनेंद्र अहिरवार ने बैंकिंग क्षेत्र में हिंदी के बढ़ते उपयोग को रेखांकित किया। वहीं तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी ने आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में हिंदी की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा ने कार्य में हिंदी के अधिक उपयोग पर बल दिया। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार हर छह माह में समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है,जिसमें नेपा लिमिटेड के साथ नेपानगर स्थित विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों जैसे भारतीय स्टेट बैंक,बैंक ऑफ इंडिया,केंद्रीय विद्यालय,नेपानगर रेलवे स्टेशन,मुख्य डाकघर,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित तथा दूरभाष केंद्र के प्रतिनिधि सहभागी होते हैं। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया और आभार औद्योगिक संरक्षा विभाग के वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल ने माना। बैठक में प्रबंधक पेपर मशीन केके देशमुख,प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी,प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन,उप प्रबंधक पावर हाउस सीएन वर्मा,विभागाध्यक्ष वाणिज्य सुनील कुमार कुलथे,उप प्रबंधक सतर्कता विजेंद्र चौधरी,विभागाध्यक्ष कर्मचारी संबंध एवं कल्याण दिनेशचंद्र सोवले,उप प्रबंधक यांत्रिकी पिंटू कुमार,रामबिलास रघुवंशी,सुषमा गौर,मणिलाल पाटिल सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

Free press 1 April, 2026

Regional Digest



NEPANAGAR

## Hindi official language meeting held

CMD Naresh Singh chaired the Town Official Language Implementation Committee meeting at NEPA Auditorium, emphasising Hindi's role as a powerful communication medium. Committee Secretary Gyaneshwar Khairnar reviewed Hindi usage across central offices. Regional leaders, including Chairman Ram Alagesan and SBI's Jinendra Ahirwar, discussed Hindi's growing importance in technology, banking and daily administration to foster a robust work culture.

# नेपानगर में राजभाषा समीक्षा बैठक : हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

मो.हुसैन खोकर क्राइम दर्पण




बुरहानपुर :- गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक नेपा सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमडी नरेश सिंह, समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक जिनेंद्र अहिरवार तथा वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर सुने द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।समिति के सचिव एवं वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने नगर स्थित केंद्रीय कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के उपयोग की पिछली छमाही की समीक्षा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि सीएमडी नरेश सिंह ने हिंदी की सरलता, सहजता और व्यावहारिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी जनसंचार की सशक्त भाषा है। उन्होंने हिंदी बहुल क्षेत्र में भी समिति की सक्रियता को आवश्यक बताते हुए नियमित समीक्षा को कार्यसंस्कृति के लिए महत्वपूर्ण बताया। समिति के अध्यक्ष राम अलागेसन ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि दक्षिण भारतीय परिवेश में पले-बढ़े होने के बावजूद उन्होंने नेपानगर आकर हिंदी सीखी, जो इसकी सरलता और व्यापकता का प्रमाण है। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक जिनेंद्र अहिरवार ने बैंकिंग क्षेत्र में हिंदी के बढ़ते उपयोग को रेखांकित किया। वहीं तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी ने आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में हिंदी की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा ने कार्य में हिंदी के अधिक उपयोग पर बल दिया। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार हर छह माह में समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें नेपा लिमिटेड के साथ नेपानगर स्थित विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों जैसे भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय विद्यालय, नेपानगर रेलवे स्टेशन, मुख्य डाकघर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित तथा दूरभाष केंद्र के प्रतिनिधि सहभागी होते हैं।कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया और आभार औद्योगिक संरक्षा विभाग के वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल ने माना। बैठक में प्रबंधक पेपर मशीन केके देशमुख, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, उप प्रबंधक पावर हाउस सीएन वर्मा, विभागाध्यक्ष वाणिज्य सुनील कुमार कुलथे, उप प्रबंधक सतर्कता विजेंद्र चौधरी, विभागाध्यक्ष कर्मचारी संबंध एवं कल्याण दिनेशचंद्र सोवले, उप प्रबंधक यांत्रिकी पिंटू कुमार, रामबिलास रघुवंशी, सुषमा गौर, मणिलाल पाटिल सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेपानगर में राजभाषा की गूंज : समीक्षा बैठक में हिंदी को लेकर बड़े संदेश, अधिकारियों ने दिखाई सक्रियता

पवन बौरासी ▪ नेपानगर

नगर में हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक बार फिर गंभीर मंथन देखने को मिला, जब गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही समीक्षा बैठक नेपा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में न केवल हिंदी के उपयोग की समीक्षा हुई, बल्कि इसे रोजमर्रा के कामकाज में मजबूती से लागू करने पर जोरदार चर्चा भी हुई।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमडी नरेश सिंह, समिति अध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक राम अलागेसन, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक जिनेंद्र अहिरवार और वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर सुने द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान सभागार में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में हिंदी को लेकर खास उत्साह देखने को मिला।

समिति के सचिव एवं वरिष्ठ प्रबंधक ज्ञानेश्वर खैरनार ने बीते छह महीनों में नगर के विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों में हिंदी के उपयोग की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में जहां कई विभागों की प्रगति सामने आई, वहीं कुछ स्थानों पर सुधार की जरूरत भी उजागर हुई, जिस पर अधिकारियों ने गंभीरता दिखाई। मुख्य अतिथि नरेश सिंह ने अपने संबोधन में साफ कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि जनसंचार की सबसे मजबूत कड़ी है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि हिंदी भाषी क्षेत्र होने के बावजूद यदि इसके उपयोग में कमी है, तो यह चिंताजनक है। उन्होंने नियमित समीक्षा बैठकों को कार्यसंस्कृति का अहम हिस्सा बताते हुए सभी विभागों को अधिक जिम्मेदारी से काम करने के निर्देश दिए। समिति अध्यक्ष राम अलागेसन का अनुभव भी चर्चा का विषय बना। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में पले-बढ़े होने के बावजूद उन्होंने नेपानगर आकर हिंदी सीखी, जो इसकी सरलता और व्यापकता को दर्शाता है। उनके इस अनुभव ने बैठक में मौजूद लोगों को हिंदी अपनाने के लिए प्रेरित किया। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े जिनेंद्र अहिरवार ने बताया कि आज के समय में बैंकिंग सेवाओं में हिंदी का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे आम जनता को काफी सहूलियत मिल रही है। वहीं तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी ने आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में हिंदी की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि भविष्य में हिंदी का महत्व और अधिक बढ़ेगा।

बैठक में उप प्रबंधक स्वतंत्र कुमार कसेरा सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभागों में हिंदी के अधिकतम उपयोग का संकल्प लिया। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने जानकारी दी कि हर छह माह में इस तरह की समीक्षा बैठक आयोजित कर प्रगति का आकलन किया जाता है, जिसमें नेपानगर के विभिन्न केंद्रीय संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाती है। कार्यक्रम का संचालन संदीप ठाकरे ने किया, जबकि आभार औद्योगिक संरक्षा विभाग के वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल ने व्यक्त किया। बैठक में केके देशमुख, विजय चौधरी, किशोर महाजन, सीएन वर्मा, सुनील कुमार कुलथे, विजेंद्र चौधरी, दिनेशचंद्र सोवले, पिंटू कुमार, रामबिलास रघुवंशी, सुषमा गौर, मणिलाल पाटिल सहित कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।